मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 255 ■ बुधवार 7 जनवरी 2026 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**‘हम बोलना शुरू कर दें तो...’**

# ‘कर्तव्य केंद्रित विकास’ का संकल्प

## उल्हासनगर की सूरत बदलने के लिए मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले का प्रयास

### नागरिक अपने बुनियादी कर्तव्य को पहचानें -मनपा आयुक्त

**उल्हासनगर.** हम टैक्स नहीं देना चाहते, लेकिन हमें सुविधाएं चाहिए। हम सफाई नहीं रखना चाहते, लेकिन हम चाहते हैं कि शहर सुंदर हो, हम पानी नहीं बचाना चाहते, लेकिन हम कमी की शिकायत करते हैं.. इस सोच को बदले बिना शहर का असली डेवलपमेंट मुमकिन नहीं है।

इसी सच्चाई की ओर इशारा करते हुए, उल्हासनगर मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने नए साल 2026 में ‘कर्तव्य केंद्रित’ डेवलपमेंट’ की नई सोच को जगाने का पक्का संकल्प जताया है। इस नए साल पर प्रशासन की तरफ से यही संदेश दिया जा रहा है कि अगर नागरिक अपने बुनियादी कर्तव्य को पहचानेंगे, मानेंगे और पूरा करेंगे, तभी उल्हासनगर को सही मायने में डेवलपमेंट की दिशा मिलेगी।

उल्हासनगर के डेवलपमेंट के लिए सिर्फ प्लान, फंड या एडमिनिस्ट्रेशन काफी नहीं हैं, बल्कि नागरिकों की एक्टिव हिस्सेदारी और ड्यूटी का एहसास सबसे ज़रूरी है। इस मुद्दे को सेंटर में रखते हुए, महानगर पालिका ने साल 2026 में लोगों में ज़िम्मेदारी की भावना पैदा करने पर ज़ोर देने का फ़ैसला किया है। मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने साफ़ किया कि टैक्स देना एडमिनिस्ट्रेशन पर कोई एहसान नहीं है, बल्कि शहर के डेवलपमेंट में लोगों का योगदान है। गीला और सूखा कचरा अलग करना, पब्लिक जगहों पर कचरा न फेंकना और सड़कों और नालियों को साफ़ रखना जैसी छोटी-छोटी आदतें बड़ा फ़र्क ला सकती हैं। एडमिनिस्ट्रेशन का मानना है कि एक साफ़ शहर सिर्फ़ एक सुंदर शहर नहीं होता, बल्कि रहने के लिए एक हेल्दी और इज्ज़तदार शहर होता है।



मनपा आयुक्त ने पानी के मुद्दे पर भी कड़ा रुख़ अपनाया है। पानी की चोरी, गैर-कानूनी नल कनेक्शन और पानी की बर्बादी की वजह से पूरा शहर पानी की कमी से जूझ रहा है। यह मैसेज दिया गया कि पानी बचाना और पानी का गलत इस्तेमाल रोकना सिर्फ़ नियमों का पालन करने की बात नहीं है, बल्कि अगली पीढ़ी के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी भी है। ट्रैफ़िक नियमों, कंस्ट्रक्शन परमिट और म्युनिसिपल ऑर्डर का पालन करने से एडमिनिस्ट्रेशन और लोगों के बीच झगड़े कम होते हैं और गुड गवर्नेंस का रास्ता आसान होता है।

2026 में, ‘अपने हक़ मांगने से पहले अपनी ड्यूटी पूरी करें’ के आइडिया को पूरे शहर में लगातार हाईलाइट किया जाएगा। प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि वह स्कूलों, हाउसिंग सोसाइटियों, ट्रेड एसोसिएशन और सामाजिक संगठनों के ज़रिए जागरूकता, भागीदारी और निरंतरता के तीन सिद्धांतों पर आधारित गतिविधियों को लागू करेगा। कुल मिलाकर, अगर नागरिक ज़िम्मेदार बनेंगे, तो उल्हासनगर की सूरत बदल जाएगी, और कमिश्नर मनीषा अव्हाले ने संदेश दिया है कि प्रशासन और नागरिक 2026 में विकास का एक नया रास्ता शुरू करें।

### उल्हासनगर को एक नई पहचान देंगे



’हम इस भावना के साथ काम कर रहे हैं कि प्रशासन सिर्फ़ एक सिस्टम नहीं बल्कि कर्तव्य की भावना वाली एक सेवा है। सफाई, ई-ऑफिस, RTS ऑनलाइन, शिकायत निवारण सिस्टम, डैशबोर्ड, डिजिटल शिक्षा, स्मार्ट स्कूल, आदर्श उद्यान, IWMS, स्मार्ट टॉयलेट और इंफ्रास्ट्रक्चर की मरम्मत जैसी गतिविधियाँ शहर के पूरे विकास की दिशा तय कर रही हैं। इन कोशिशों का असर आने वाले दिनों में साफ़ दिखेगा। मेरा पक्का विश्वास है कि 100 दिन के प्रोग्राम का अवॉर्ड, स्वच्छ सर्वेक्षण में रैंकिंग और PMA जैसे नए प्रोजेक्ट उल्हासनगर को विकास की एक नई पहचान देंगे।’

**-मनीषा आव्हाले**, मनपा आयुक्त

## पैनल 6 में भाजपा के नए चेहरे लाए नया संकल्प



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा में पैनल 6 से भाजपा ने नए चेहरों को मौका दिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया की बहु आयशा वधरिया, व्यापारी नेता दीपक छतलानी, हेमा पिंजानी, भूमि नाथानी चुनावी मैदान में है। व्यापारी नेता दीपक छतलानी ने कहा कि यह मेरा वर्षों पुराना वार्ड है और मैं यहां वार्ड समस्या से वाकिफ हूं वहीं राजेश वधरिया ने भी कहा कि यह मेरा पुराना वार्ड होने के नाते यहां मेरे लिए घर जैसा माहौल है। लोगों को परिवर्तन करने की चाह है और नए चेहरों की डिमांड के चलते हमने नए चेहरों को मौका दिया है जनसेवा और नए विकास कार्यों के संकल्प का।

## पैनल 6 में सुरक्षा हेतु लगाएंगे सीसीटीवी- महेश सुखरामानी



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के पैनल 6 में शिवसेना उम्मीदवार महेश सुखरामानी ने सोमवार को कला अपार्टमेंट परिसर के निवासियों से वादा किया कि यहां जो ट्रांसपोर्ट की समस्या है और नाना नानी पार्क परिसर में सब्जी मार्केट के कारण यातायात की समस्या है उसे चुनाव बाद सुलझाया जाएगा और स्थानीय महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए इन प्रमुख परिसरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे ताकि यहां कोई अप्रिय घटना न हो। इस परिसर में गाड़ी चोरियों की भी कई शिकायतें मिली है। इस चुनावी सभा में शिवसेना उम्मीदवार महेश सुखरामानी के साथ, प्रेरणा अजित माखीजानी, जया प्रकाश माखीजा व विक्की सिंह भी उपस्थित थे। वार्डवासियों का उन्हें भरपूर समर्थन मिला है। इस पैनल में भाजपा के उम्मीदवार उन्हें टक्कर दिए हुए हैं।

# ‘BJP नेता बोलते समय संयम बरतें’

■ **पूर्व विधायकों को सांसद श्रीकांत शिंदे की सलाह**

**उल्हासनगर.** शिंदे की शिवसेना और BJP के उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चुनाव अलग-अलग लड़ने के कारण आरोप-प्रत्यारोप का लेवल बढ़ने लगा है। BJP के पूर्व MLA नरेंद्र पवार के शिवसेना के खिलाफ दिए गए आक्रामक बयान का जवाब देते हुए, शिवसेना MP डॉ. श्रीकांत शिंदे ने सलाह दी है कि हमें भी बहुत कुछ कहना है, इसलिए BJP नेताओं को बोलते समय सावधानी बरतनी चाहिए। गठबंधन में नेताओं को एक-दूसरे के खिलाफ बोलते समय संयम बरतने की हिदायत के बावजूद, नरेंद्र पवार का बयान दिखाता है कि कैंपेन की शुरुआत में ही गठबंधन में कलह है।

अंबरनाथ और बदलापुर की तरह, उल्हासनगर महानगर पालिका चुनाव में भी शिवसेना और BJP के बीच सीधी लड़ाई बनती दिख रही है। एप्लीकेशन वापस लेने की डेडलाइन खत्म होने के बाद, अब शहर में असल में कैंपेन शुरू हो गया है। कैंपेन के पहले दिन, कल्याण से BJP के पूर्व MLA नरेंद्र पवार ने शिवसेना पर करप्शन और गुंडागर्दी का आरोप लगाया था। ऐसा करते हुए पवार ने चेतावनी दी थी कि हम उल्हासनगर शहर से तुम्हारा सूपड़ा साफ कर देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे पास कई ऐसे नेता हैं जो अंबरनाथ और बदलापुर के बाद उल्हासनगर से भी धनुष-बाण का सफाया कर देंगे। उनके इस बयान से राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई।

पिछले कुछ दिनों से शिवसेना और BJP ने मुंबई समेत कई महानगरपालिका चुनावों में गठबंधन किया है। इसलिए नेताओं को सलाह दी गई है कि वे दूसरी महानगरपालिकाओं में प्रचार करते समय एक-दूसरे की आलोचना करने से बचें। पिछले महानगरपालिका चुनावों में BJP और शिंदे की शिवसेना के बड़े नेताओं ने एक-दूसरे की आलोचना करने से परहेज किया था। इसलिए अब भी दूसरी महानगरपालिकाओं में संयम से प्रचार करने की सलाह दी गई।



इसी पृष्ठभूमि में, सोमवार रात प्रचार के लिए उल्हासनगर आए MP डॉ. श्रीकांत शिंदे ने रिपोर्टरों से बात करते हुए नरेंद्र पवार के बयान पर अपनी नाराजगी जताई। हमारे पास भी बात करने के लिए बहुत कुछ है। हालांकि, उन्होंने BJP लीडरशिप को चेतावनी देते हुए कहा कि अलायंस के नेताओं से उम्मीद की जाती है कि वे ज़िम्मेदारी और संयम से बयान दें।

राज्य में कई जगहों पर, कुछ महानगर पालिकाओं को छोड़कर, शिवसेना और BJP अलायंस में चुनाव लड़ रहे हैं और अलायंस को कई जगहों पर सफलता भी मिली है। इस बैकग्राउंड में, जहां मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एक-दूसरे की आलोचना करने से बच रहे हैं, वहीं शिंदे ने यह भी चेतावनी दी कि लोकल लेवल पर कुछ नेताओं के आक्रामक बयान अलायंस के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं।

MP श्रीकांत शिंदे ने आगे कहा कि सीनियर नेताओं की भूमिका को देखते हुए, हम जो कह रहे हैं, उसके बारे में जागरूक होने की ज़रूरत है। इसलिए, पॉलिटिकल सर्कल का ध्यान इस बात पर है कि आने वाले दिनों में कैंपेन के दौरान अलायंस के नेता एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने से बचते हैं या नहीं।

## उल्हासनगर से धनुष-बाण का सूपड़ा साफ करेंगे : नरेंद्र पवार

**उल्हासनगर.** हमने अंबरनाथ-बदलापुर में दादागिरी की बात करने वाले शिवसेना शिंदे ग्रुप को सबक सिखाया. अब हम उल्हासनगर में भी ‘धनुष-बाण’ का सूपड़ा साफ करेंगे. BJP MLA नरेंद्र पवार के इस बयान के बाद शहर का राजनीतिक माहौल गरमा गया है।

## 60 फीसदी कैंडिडेट 10वीं-12वीं पास

**उल्हासनगर.** शहर में लगभग सभी पार्टियों के आधे से ज़्यादा कैंडिडेट के एफिडेविट से पता चला है कि उनकी पढ़ाई 10वीं और 12वीं से कम है।

कई पार्टियों के सीनियर लीडर भी कम पढ़े-लिखे हैं। खास बात यह है कि इनमें सीमा कलानी ग्रेजुएट, BJP के धनंजय बोडारे इंजीनियर, PRP के जय गायकवाड़ वकील और रिटायर्ड टीचर शांताराम निकम शामिल हैं। हायर एजुकेशन वाले कैंडिडेट की संख्या कम है और 10वीं से कम पढ़े-लिखे कैंडिडेट की संख्या 60 परसेंट है।

# अंबरनाथ में भाजपा-कांग्रेस युति

### महापालिका चुनाव में भाजपा को भुगतना पड़ेगा -विधायक किणीकर

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नपा में सत्ता पाने के लिए भाजपा-कांग्रेस ने अभद्र तालमेल कर लिया है. जिसका परिणाम भाजपा को महाराष्ट्र के महानगर पालिका चुनाव में भुगतना पड़ेगा. ऐसा उद्गार अंबरनाथ के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने पत्रकार वार्तालाप में किया. उन्होंने आगे कहा कि शिवसेना की तरफ से हमने भाजपा से युति के लिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण के साथ बैठक भी की जो कि सकारात्मक रही थी. लेकिन स्थानीय भाजपा के नेताओं ने उनकी भी नहीं माना और भाजपा ने कांग्रेस से युति कर ली है, जो कि अभद्र है. हम नपा में विरोधक के रूप में रहेंगे और जिन मुद्दों पर हमें नहीं पटता है, उस पर खुलकर विरोध करेंगे.



किणीकर ने ये भी कहा कि केंद्र में, राज्य में भाजपा-शिवसेना की युति है, लेकिन भाजपा ने अंबरनाथ में हिंदू विरोधी कांग्रेस से हाथ मिलाकर अभद्र युति की है. इसका परिणाम उन्हें चुनाव में भुगतना पड़ेगा. किणीकर ने बताया कि अंबरनाथ में हमारे सबसे ज्यादा 27 नगरसेवक चुनकर आए हैं. एक निर्दलीय ने समर्थन दिया है. इस तरह उनके 28 नगरसेवक हैं. शिवसेना को सब पक्ष से ज्यादा 62 हजार वोट प्राप्त हुआ है. उन्होंने पत्रकारों को बताया कि सांसद श्रीकांत शिंदे के आदेश पर उन्होंने पत्रकार परिषद ली है. पत्रकार परिषद में शिवसेना के नगरसेवक अब्दुल शेख, सुनिल चौधरी, सुभाष सालुंखे, प्रमोद कुमार चौबे, विकास हेमराज, स्वप्निल बागुल आदि उपस्थित थे. दूसरी ओर कांग्रेस द्वारा प्रदीप पाटिल के उपनगराध्यक्ष की ताजपोशी की तैयारी पूरी कर ली है. उनके एक नगरसेवक ने हमें बताया कि 12 जनवरी को पाटिल उप नगराध्यक्ष बन जाएंगे. विदित हो कि हमने सबसे पहले हमारे पाठकों को बताया था कि जो युति राज्य में नहीं हुई है, वह भाजपा-कांग्रेस युति अंबरनाथ में होगी. ये भविष्यवाणी अब सच हो गई है.

## पैनल-12 में भाजपा प्रत्याशी टोनी सीरवानी का चुनावी कार्यालय शुरू



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के पैनल 12 में भाजपा उम्मीदवार टोनी सीरवानी, ज्योति पिंटो बठिजा, कैलाश म्हात्रे व कजानिया राखी ने चुनाव प्रचार का बिगुल बजा दिया है। सोमवार को उल्हासनगर-3 ओटी सेक्शन स्वामी धर्मदास दरबार के पास इस चुनावी कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया जहां पर स्थानीय भाजपा नेता मनोहर खेमचंदानी, पिंटो बठिजा सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। श्री सीरवानी ने कहा कि इस बार हमारे साथ दो नए चेहरों को पार्टी ने मौका दिया है। दोनों ही युवा उम्मीदवार अब हमारे साथ वार्ड के रहे हुए कार्यों को पूरा करेंगे। पिछले कई वर्षों से प्रशासकीय राज के कारण वार्ड के रुके हुए कामों को हम चुनाव बाद पूरा करेंगे। हमेशा से ही वार्डवासियों का प्यार मिलता रहा है। आगे भी मिलेगा ऐसा हमें पूरा विश्वास है।

## पैनल 3 में भुल्लर महाराज का प्रचार करने आए पप्पू कालानी



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के पैनल 3 में शिवसेना उम्मीदवार राजेंद्र सिंह भुल्लर महाराज का प्रचार करने लोक नेता पप्पू कालानी ने वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाराज जी यहां के विकास पुरुष है इन्होंने पिछले कई वर्षों से अपना जीवन जनसेवा को समर्पित किया है। आज भी वो समस्याओं का समाधान घंटों में नहीं मिनटों में करते हैं ऐसे में आगामी समय में विकास जारी रहे इसलिए शिवसेना आपके साथ है। पैनल 3 से शिवसेना उम्मीदवार राजेंद्र सिंह भुल्लर महाराज के साथ चरणजीत कौर, संगीता खंडारे और वंदना भदाणे चुनावी मैदान में है। शिवसेना उम्मीदवारों के साथ भाजपा व उबाठा के उम्मीदवार उन्हें टक्कर दिए हुए हैं।

## पैनल 5 को भाजपा मुक्त करेंगे- विक्की भुल्लर



उल्हासनगर। उल्हासनगर मनपा के पैनल 5 में शिवसेना के युवा उम्मीदवार विक्की सिंह भुल्लर ने चुनाव प्रचार के दौरान लोगों की वर्षों पुरानी समस्या पर कहा कि शहर की खस्ता हालत करने वालों वार्ड की ओर क्या ध्यान देंगे इसलिए अब वार्ड में परिवर्तन होना ही चाहिए। इस बार पैनल 5 हम भाजपा मुक्त करेंगे और युवाओं की ताकत दिखाएंगे कि शहर विकास में युवा सबसे आगे हैं। पैनल 5 में शिवसेना उम्मीदवार विक्की भुल्लर, सीमा कालानी, दिलीप जग्यासी व निकिता छापरू चुनाव मैदान में है। उन्हें टक्कर भाजपा के उम्मीदवार दे रहे हैं।

## पैनल-2 में मीना कौर लबाना का घर-घर प्रचार



**उल्हासनगर।** पैनल 2 में भाजपा की उम्मीदवार मीना कौर लबाना, एड. भरत शिवनानी, संध्या मराठे व हरि कनौजिया का घर-घर प्रचार जोरों पर चल रहा है। इस पैनल में भी भाजपा ने नए चेहरों को मौका दिया है और कर्मठ पूर्व महिला नगरसेविका मीना कौर लबाना के कार्यों को देखते हुए स्थानीय जनता उन्हें विश्वास दिला रही है कि उनके कार्य ही उनका समर्थन है।

खासकर महिलाओं का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। यहां पर शिवसेना व राकांपा के उम्मीदवार उन्हें टक्कर दिए हुए हैं।

## ‘पैनल-11 में परिवर्तन की लहर होगी’

### भाजपा उम्मीदवार प्रवीण किशनानी को मिल रहा जनता का समर्थन

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-3 के पैनल 11 में भाजपा उम्मीदवार प्रवीण किशनानी ने कहा है कि करीब 9 साल बाद हो रहे चुनाव से यह पता चल रहा है कि पिछले कई वर्षों से यहां पर कार्य हुआ ही नहीं है। स्थानीय जनता अब नए व परिवर्तन चाहती है। भाजपा उम्मीदवारों प्रवीण किशनानी के साथ रवि जग्यासी, कविता पंजाबी व प्रीति माखीजा को इस परिवर्तन की लहर में भरपूर समर्थन मिल रहा है। श्री किशनानी ने कहा कि चुनाव बाद अगर हम जीतकर आते हैं तो इस वार्ड में विकास की लहर होगी। यहां पर शिवसेना समर्थित साई पक्ष के उम्मीदवार उन्हें टक्कर दिए हुए हैं।



## पैनल 9 में नगरसेवक बनने से पूर्व ही आकाश चक्रवर्ती ने किया विकास कार्य



उल्हासनगर। पैनल 9 के चुनाव प्रचार के दौरान शिवसेना उम्मीदवार आकाश चक्रवर्ती को एक वार्डवासी ने कहा कि चुनाव से पूर्व ही आपने जो विकास कार्य किया है वो क्या चुनाव बाद भी करेंगे इस पर आकाश चक्रवर्ती ने कहा कि मैं पिछले कई वर्षों से कार्य करते आ रहा हूं अगर मैं चुनकर आया तो और भी विकास कार्य करूंगा। चुनाव प्रचार के दौरान आकाश सुमीत चक्रवर्ती को भरपूर समर्थन मिल रहा है। यहां पर भाजपा व राकांपा उम्मीदवार उन्हें टक्कर दिए हुए हैं।

## कहीं इंदौर त्रासदी जैसी हालत शहर की न हो- गंगोत्री

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा पैनल 17 से राकांपा के उम्मीदवार भारत राजवानी गंगोत्री ने कहा कि उल्हासनगर शहर में प्रशासकीय राज होने के कारण हमारे पैनल 17 में कई विकास कार्य रुके हुए हैं प्रशासन ने हमें अपने कार्यकाल में कोई सहयोग नहीं दिया है। इंदौर में पानी पीने से जिन लोगों की मौत हुई है वो देखकर ऐसा लग रहा है कि कहीं उल्हासनगर शहर की भी हालत ऐसे न हो क्योंकि यहां पर पानी की लाईन गटर में बिछी हुई है और दूषित पानी के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। ऐसे में इस शहर को सुरक्षित पानी देने के लिए राकांपा के पास उपाय योजनाएं तैयार है।



राकांपा ने पूरे शहर में अपने उम्मीदवार उतारे हैं। पैनल 17 से भारत राजवानी गंगोत्री, कमलेश शिरसाट, रिंकी धामेजानी और सोनिया थदानी चुनाव मैदान में लोगों की सेवा के लिए कार्य करने चुनाव मैदान में है। यहां पर उनके टक्कर में शिवसेना ने भी अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## न्याय के कठघरे में 'सरकारी उदारता'

आमतौर पर जघन्य अपराधों के दोषी ठहराए गए कैदियों के प्रति गैरजरूरी और एक सीमा से ज्यादा नरमी बरतना न्याय की अवधारणा के अनुकूल नहीं माना जाता है। मगर हत्या और बलात्कार के अपराध में दोषी ठहराए जाने के बावजूद किसी खास सजायाफ्ता कैदी के प्रति सरकार का रुख जब जरूरत से ज्यादा उदार दिखने लगे, तो स्वाभाविक ही यह सवाल उठता है कि आखिर कानून और सजा का मतलब क्या रह गया!

गौरतलब है कि बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराध में दोषी साबित होने के बाद जेल में सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख राम रहीम को एक बार फिर चालीस दिनों की पैरोल मिल गई। भले ही इस छूट के लिए सरकार की ओर से पेश दलीलों पर तमाम सवाल उठ रहे हों, लेकिन राम रहीम अगले चालीस दिनों तक जेल के बाहर रहेगा।

दरअसल, अदालत में इस पैरोल मिलने के मसले पर हरियाणा सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि वह कोई 'पेशेवर अपराधी' नहीं है और जेल में 'अच्छे चाल-चलन' वाला कैदी है। सवाल है कि जिस कसौटी पर सरकार ने राम रहीम के प्रति लगातार उदारता दिखाई है, क्या वह यही पैमाना जेल में बंद जघन्य अपराधों के अन्य दोषियों के प्रति भी लागू करती है।

दो डेरा साध्वियों से बलात्कार के मामले के अलावा राम रहीम को हत्या के अन्य मामले में भी दोषी ठहराया जा चुका है। मगर सजा काटने के लिए जेल में जाने से लेकर अब तक उसे पंद्रहवीं बार 'पैरोल' या फिर 'फरलो' पर बाहर आने की सुविधा मुहैया कराई गई है। अब तक वह कुल चार सौ दिन से ज्यादा वक्त तक जेल से बाहर रह चुका है।

जघन्य अपराधों के दोषियों को लेकर कोई सरकार शायद ही कभी इस हद तक उदार होती है। सही है कि पैरोल एक कानूनी व्यवस्था है और इसके तहत कैदी को शर्तों के साथ जेल से कुछ दिनों के लिए रिहा किया जाता है, लेकिन इस कानूनी प्रावधान का बेजा इस्तेमाल न्याय की अवधारणा पर चोट पहुंचाने से अलग नहीं है। सरकार को इस बात से शायद कोई फर्क नहीं पड़ता कि इससे कानूनों की मनमानी व्याख्या और पीड़ितों के प्रति न्याय की अवधारणा को चोट पहुंचाने को लेकर कैसे उदाहरण बन रहे हैं!

# विचार : उच्च शिक्षा की समस्याओं का समाधान

केवल डिग्री हासिल कर लेने को शिक्षा नहीं कह सकते। शिक्षा वह शक्ति है, जो जीवन को दिशा देती है। सफल शिक्षा एक व्यक्ति के सोचने का तरीका बदल सकती है, उसे जीवन उद्देश्य दे सकती है और अपने भीतर छिपी संभावनाएं पहचानने का अवसर दे सकती है। खासतौर पर उच्च शिक्षा वह पड़ाव है, जहां युवा अपनी रुचियों और क्षमताओं को पहचानते हैं और भविष्य की राह खोजने की शुरुआत करते हैं। जहां एक तरफ स्कूली शिक्षा हमें हमारे आसपास की दुनिया का ज्ञान देती है, वहीं उच्च शिक्षा छात्रों को अपने विकल्प जानने की आजादी देती है। उच्च शिक्षा समय है अलग-अलग विषयों और क्षेत्रों को समझने और यह तय करने का कि उन्हें जीवन में क्या करना है। यह प्रक्रिया सरल नहीं, जटिल होती है। एक छात्र के आजादी से अपनी राह चुन सकने के पीछे एक मजबूत संस्थान, संसाधन और निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है।

भारत जैसे विशाल और विविध देश में संस्थान निर्माण एक बहुत बड़ी चुनौती है। आज देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी की उम्र 35 वर्ष से कम है। हर साल लाखों छात्र स्कूलों से निकलकर उच्च शिक्षा की ओर रुख करते हैं, लेकिन संस्थानों में इतनी सीटें ही नहीं कि सबको दाखिला मिल सके। नतीजतन प्रतिस्पर्धा और तेज होती जा रही है और परीक्षाएं और ज्यादा मानकीकृत हो रही हैं। इस सबके साथ-साथ व्यवस्था अक्सर प्रशासनिक सुविधा की सहूलियत देखती है। इस गहन माहौल में हर छात्र की अलग पहचान और क्षमता



पर ध्यान दे पाना असंभव हो जाता है। आज भारत में लगभग 70,018 उच्च शिक्षा संस्थान हैं।

भले ही यह उत्साहजनक लगे, लेकिन देश की जरूरतों के मुकाबले अभी भी पर्याप्त नहीं। युवावर्ग अब भी बड़ी संख्या में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा खोज रहा है। आपूर्ति की कमी का असर छात्र के इस निर्णय पर पड़ता है कि वह कहां पढ़े। सख्त आव्रजन नीतियों के बाद भी भारतीय छात्र बड़ी संख्या में विदेश पढ़ने जा रहे हैं। कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन उनके प्रमुख गंतव्य हैं। हालांकि अब फ्रांस, आयरलैंड और इटली भी तेजी से छात्रों में लोकप्रिय हो रहे हैं। जनवरी 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार 12 लाख से अधिक भारतीय छात्र विदेश में पढ़ रहे थे। इस आंकड़े से घरेलू स्तर पर आवश्यकता और सीमित विकल्प साफ उजागर होते हैं। इन चुनौतियों के बीच से ही बड़े अवसर भी उत्पन्न होते हैं।

तेजी से बदलती दुनिया में पहला अवसर नवाचार में निहित है। भारत में हमें अधिक बहुविषयक कार्यक्रमों की आवश्यकता है। हमें ऐसे कार्यक्रमों के बारे में सोचना होगा, जो तकनीक, पर्यावरण, सूचना और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े हों। मैनेजमेंट, कानून और मेडिकल जैसे पारंपरिक कोर्स को भी नए ढंग से देखना होगा। नए पाठ्यक्रम, बेहतर तकनीक और उद्योग से पढ़ाई को जोड़ कर भारतीय संस्थान खुद को वैश्विक स्तर पर मजबूत बना सकते हैं। दूसरा बड़ा अवसर है, डिजिटल शिक्षा। हाइब्रिड माडल प्रभावी हो सकते हैं, जिन्हें आनलाइन और आफलाइन पढ़ाई को मिलाकर बनाया गया हो। अगर सही ढंग से लागू किए जाएं तो ये बड़े पैमाने पर लाभकारी शिक्षा का साधन बन सकते हैं। भारत जैसे विशाल और विविध देश में, जहां छात्र दूरदराज के इलाकों में रहते हैं, डिजिटल शिक्षा एक असरदार समाधान प्रस्तुत करती है। अपने सशक्त डिजिटल ढांचे की सहायता से भारत विश्व के लिए एक उदाहरण स्थापित कर सकता है, और उसे ऐसा करना भी चाहिए। नीतिगत स्तर पर आज सकारात्मक बदलाव दिख रहे हैं। तीन दशक बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने शिक्षा व्यवस्था में बड़े सुधारों का बीड़ा उठाया है। बहुविषयक पढ़ाई, विषयों में लचीलापन और संस्थानों की स्वायत्तता जैसे विचारों पर अब जोर दिया जा रहा है। दुनिया भर के शिक्षा क्षेत्र के पूर्व अनुभव बताते हैं कि जब-जब सरकारें शोध, नवाचार और तकनीक को शिक्षा का केंद्र बनाती हैं, तब-तब शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होता है। तीसरा अहम पहलू है, प्रतिभा निर्माण। उच्च शिक्षा संस्थान का उद्देश्य केवल रुखा ज्ञान देना नहीं, बल्कि छात्रों के सोच के दायरे को विस्तार देना, कौशल को बढ़ाना और छात्रों को पेशेवर समझ देना भी है। सार्थक शिक्षा देश को ऐसा मानव संसाधन देती है, जो न सिर्फ घरेलू जरूरतों को पूरा करने क्षमता रखता है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी आत्मविश्वास के साथ अपना योगदान दे सकता है।





**अपने जीवन को प्रेम की मधुर धुन बनाइए!**

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# इराक से पनामा और अब वेनेजुएला : क्या अमेरिका फिर बन रहा है 'दुनिया का थानेदार'?

वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई के मुद्दे पर भी भारत ने बातचीत से मसले को सुलझाने और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता कायम रखने पर जोर दिया है। साथ ही तेल समृद्ध वेनेजुएला में तेजी से बदल रही स्थिति पर करीबी नजर भी रखी जा रही है, ताकि आने वाले समय में राष्ट्रहित की रक्षा के लिए उचित कदम उठाए जा सकें। भारत सहित कई देशों ने इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताई है और वेनेजुएला की संप्रभुता एवं वहां के लोगों की सुरक्षा की वकालत की है।

इस बीच, यह सवाल भी उठ रहा है कि किसी राष्ट्र पर हमला कर वहां के प्रमुख और उनकी पत्नी को हिरासत में लेकर देश से बाहर ले जाने की अमेरिका की कार्रवाई क्या अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों का उल्लंघन नहीं है? गौरतलब है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होने का लगातार आरोप लगाने के बाद शुक्रवार देर रात राजधानी काराकस पर हमला कर दिया था। इस दौरान मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लेकर न्यूयार्क ले जाया गया।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि मादुरो के खिलाफ न्यूयार्क में मुकदमा चलाया जाएगा। यह कोई पहली बार नहीं है कि अमेरिका ने किसी देश में सत्ता परिवर्तन का प्रयास किया है। वर्ष 1965 में अमेरिका ने



डोमिनिकन गणराज्य में बड़ी संख्या में अपने सैनिक भेजे, ताकि 1963 में तख्तापलट के तहत हटाए गए पूर्व राष्ट्रपति जुआन बोश की वापसी को रोका जा सके। वर्ष 1989 में अमेरिकी सैनिकों ने पनामा पर धावा बोला, जिसका मकसद तत्कालीन जनरल मैनुअल नोरिएगा को हटाना था, जिन पर मादुरो की तरह ही मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप थे।

वर्ष 2003 में अमेरिका के नेतृत्व में इराक पर हमला कर सद्दाम हुसैन के लंबे शासन का अंत कर दिया गया। इसी तरह वर्ष 2004 में हैती के तत्कालीन राष्ट्रपति को सत्ता से हटाकर अफ्रीका भेज दिया गया। यह बात सही है कि अगर दुनिया के किसी हिस्से में मानव सुरक्षा का गंभीर संकट हो, तो किसी दूसरे देश के हस्तक्षेप को तभी उचित ठहराया जा सकता है, जब यह सब अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के दायरे में किया जाए। शीत युद्ध के दौरान अमेरिकी हस्तक्षेप की अक्सर निंदा की जाती थी, लेकिन इससे कभी भी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की वैधता को सीधे तौर पर खतरा महसूस नहीं हुआ।

मगर पिछले कुछ दशकों से यह देखने में आया है कि कुछ शक्तिशाली देश वैश्विक मानव हित के बजाय अपने निजी स्वार्थों के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई को भी कुछ देश इसी नजर से देख रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी इस खतरनाक चलन को लेकर गहरी चिंता जताई है, जिसे अमेरिका बढ़ावा दे रहा है। इस बात पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है कि विश्व में शांति एवं स्थिरता के वास्ते सभी देशों ने मिलकर जो अंतरराष्ट्रीय कानून बनाए हैं, उनके महत्त्व और प्रासंगिकता को बनाए रखने के लिए संतुलित रुख बेहद जरूरी है।

# एगजॉस्ट फैन होल में फंसा चोरी करने आया चोर

**जरा हट के**

राजस्थान के कोटा जिला स्थित बोरखेड़ा थाना क्षेत्र के प्रताप नगर में उस समय अजीबोगरीब घटना घटी, जब चोरी करने आया एक चोर एग्जास्ट फैन के छोटे से होल में फंस गया. चोर की सांसें एक घंटे से अधिक समय तक अटकी रहीं और वह न तो आगे बढ़ पाया और न ही पीछे निकल सका. पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद चोर को बाहर निकाला.

घटना सोमवार देर रात की है. चोर चोरी की नीयत से प्रताप नगर स्थित एक मकान में घुसा. मकान के लोग बाहर गए हुए थे.

चोर ने मुख्य दरवाजा तोड़ने की कोशिश की लेकिन असफल रहा. इसके बाद उसने बाथरूम की दीवार में लगे एग्जास्ट फैन के होल से अंदर घुसने का प्लान बनाया. एग्जास्ट फैन का होल काफी छोटा था लेकिन चोर ने किसी तरह अपना सिर और ऊपरी



धड़ अंदर कर लिया. हालांकि आगे का हिस्सा फंस गया और वह दीवार के बीचोंबीच लटक गया.

चोर ने काफी कोशिश की लेकिन निकल नहीं सका. उसकी सांसें फूलने लगीं और दम घुटने की स्थिति बन गई. आस-पास के लोगों को शोर सुनाई दिया तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी. बोरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची तो चोर दीवार में फंसा हुआ था. उसकी टांगें बाहर की तरफ लटक रही थीं जबकि सिर और धड़ अंदर की ओर था. पुलिस ने सबसे पहले चोर को शांत कराया और सांस लेने की व्यवस्था की. इसके बाद दीवार तोड़ने का काम शुरू किया. कड़ी मशक्कत और करीब एक घंटे की मेहनत के बाद चोर को सुरक्षित बाहर निकाला गया. चोर के बाहर निकलते ही राहत की सांस ली गई क्योंकि उसकी हालत गंभीर हो रही थी.

आश्चर्य की बात यह है कि चोर चोरी करने पुलिस की स्टीकर लगी एक कार लेकर पहुंचा था. पुलिस को शक है कि यह कार पहले किसी चोरी की वारदात में इस्तेमाल हुई होगी या फिर नकली स्टीकर लगाकर चोर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा था. कार को जब्त कर लिया गया है और उसकी जांच की जा रही है.

# खस्ता पुदीना कचौड़ी




### सामग्री

**आटा गूंथने के लिए:**

- मैदा : 2 कप
- सूजी : 2 बड़े चम्मच
- तेल या घी (मोयन के लिए): 4-5 बड़े चम्मच
- अजवाइन: आधा छोटा चम्मच
- नमक: स्वादानुसार
- पानी: आटा गूंथने के लिए (ठंडा पानी इस्तेमाल करें)

**मसाला बनाने के लिए:**

- पुदीना: 1 कप ताजी पत्तियां या 2 चम्मच सूखा पुदीना पाउडर
- बेसन: आधा कप
- सौंफ: 1 बड़ा चम्मच
- धनिया पाउडर: 1 छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर: स्वादानुसार
- आमचूर पाउडर: 1 छोटा चम्मच
- गरम मसाला: आधा छोटा चम्मच
- हींग: 1 चुटकी
- नमक और काला नमक: स्वादानुसार
- चीनी: आधा छोटा चम्मच

**तलने के लिए:**

- तेल : जरूरत के मुताबिक

### बनाने की विधि

सबसे पहले कचौड़ी का आटा तैयार करें। मैदे में नमक, अजवाइन



और थोड़ा तेल डालकर उसे सख्त गूंथ लें और थोड़ी देर सेट होने के लिए रख दें। स्टफिंग के लिए, भुने हुए बेसन में पुदीना पेस्ट या पाउडर, दरदरी सौंफ, धनिया पाउडर, आमचूर और मिर्च मिलाएं। याद रखें, सौंफ और पुदीने का मेल ही इस कचौड़ी की जान है।

अब आटे की छोटी-छोटी लोइयां बनाएं और उनमें यह मसालेदार मिश्रण भरें। इन्हें बेलन से बेलने के बजाय हथेलियों से हल्का दबाकर चपटा कर लें। अब कड़ाही में तेल गर्म करें। यहां एक खास टिप है- कचौड़ियों को हमेशा धीमी आंच पर तलें। तेज आंच पर वे ऊपर से लाल हो जाएंगी, लेकिन अंदर से खस्ता नहीं बनेंगी। जब वे सुनहरी और फूली-फूली हो जाएं, तो उन्हें निकाल लें। लीजिए, तैयार है आपकी गरमा-गरम खस्ता पुदीना कचौड़ी। इसे हरी चटनी या इमली की मीठी चटनी के साथ परोसें।

# चुपके-चुपके आंखों की रोशनी छीन सकता है ग्लूकोमा

**ग्लूकोमा, जिसे आम भाषा में 'काला मोतिया' कहा जाता है, आंखों की एक गंभीर स्थिति है जो ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचाती है। इसे अक्सर साइलेंट थीफ कहा जाता है, क्योंकि शुरुआती स्टेज में इसके कोई साफ लक्षण नहीं दिखाई देते। इसलिए अगर समय पर इसका पता न चले, तो यह स्थायी अंधापन का कारण बन सकता है। इसलिए इस बारे में लोगों को जानकार बनाने के लिए हर साल जनवरी को Glaucoma Awareness Month की तरह मनाया जाता है।**

### ग्लूकोमा के लक्षण कैसे होते हैं?

ग्लूकोमा की सबसे खतरनाक बात यह है कि ज्यादातर मरीजों को तब तक पता नहीं चलता जब तक कि उनकी दृष्टि काफी हद तक कम न हो जाए। इसके लक्षणों को स्टेज के अनुसार समझा जा सकता है-

### शुरुआती और मीडियम स्टेज

**कोई लक्षण नहीं-** शुरुआत में आंखों में न तो दर्द होता है और न ही दृष्टि में कोई अचानक बदलाव आता है।

**पेरिफेरल विजन का कम होना-** इसमें सबसे पहले पेरिफेरल विजन यानी साइड का दिखना कम होने लगता है। मरीज को सामने की चीजें तो साफ दिखती हैं, लेकिन अगल-बगल का हिस्सा धुंधला या काला दिखाई देने लगता है।

**कंट्रास्ट में कमी-** रंगों और परछाइयों के बीच अंतर कर पाना मुश्किल होने लगता है।

**अंधेरा महसूस होना-** मरीज को ऐसा लग सकता है कि उनके आसपास रोशनी कम हो गई है।



### एक्यूट स्टेज

जब आंखों का दबाव बहुत तेजी से बढ़ता है, तो ऐसे लक्षण दिखाई देते हैं-

आंखों में तेज दर्द और रेडनेस।

सिर में तेज दर्द और जी मिचलाना।

रोशनी के चारों ओर इंद्रधनुष जैसे घेरे (Haloes) दिखाई देना।

दृष्टि का अचानक धुंधला हो जाना।

### एडवांस्ड स्टेज

अगर इलाज न मिले, तो टनल विजन (सिर्फ सामने का थोड़ा सा हिस्सा दिखना) की स्थिति बन जाती है और फिर आंखों की रोशनी पूरी तरह जा सकती है।

### ग्लूकोमा के रिस्क फैक्टर्स क्या हैं?

हालांकि, ग्लूकोमा किसी को भी हो सकता है, लेकिन कुछ लोगों में इसका खतरा ज्यादा होता है।

**पारिवारिक इतिहास-** अगर आपके परिवार में किसी को ग्लूकोमा है, तो आपको इसका खतरा काफी बढ़ जाता है।

**उम्र-** 40 वर्ष से ज्यादा उम्र के लोगों में इसका रिस्क ज्यादा होता है।

**आंखों की बीमारियां-** हाई मायोपिया वाले लोगों को इसका खतरा रहता है।

**मेडिकल कंडीशन-** डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को नियमित जांच करानी चाहिए।

**स्टेरॉयड का इस्तेमाल-** लंबे समय तक स्टेरॉयड आई ड्रॉप्स या दवाओं के इस्तेमाल से आंखों का दबाव बढ़ा सकता है।

**चोट या सर्जरी-** आंखों में पुरानी चोट या आंखों की बार-बार हुई सर्जरी भी ग्लूकोमा का कारण बन सकती है।

## आज का राशिफल

**मेष** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी। संपत्ति के लेनदेन में सावधानी रखें।

**वृषभ** : संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। व्यापारिक निर्णय लेने में देर नहीं करें।

**मिथुन** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें। पूँजी निवेश बढ़ेगा। प्रचार-प्रसार से दूर रहें।

**कर्क** : क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं। परिवार में कलह-कलेश का माहौल रह सकता है।

**सिंह** : मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा। सगे-संबंधी मिलेंगे।

**कन्या** : मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अभिष्ट कार्य की सिद्धि के योग हैं। उलझनों से मुक्ति मिलेगी।

**तुला** : यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें।

**वृश्चिक** : वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक प्रगति में रुकावट आ सकती है।

**धनु** : नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

**मकर** : नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** : कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे। शत्रुओं से सावधान रहें।

**मीन** : वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ के योग हैं। स्थायी संपत्ति क्रय करने के योग बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भेंट होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# खुद से नहीं लगा पातीं आईलाइनर?

### लड़की ने दिखाया गजब का हैक, खराब टैबलेट के पत्ते से

आईलाइनर लगाना जितना खूबसूरत लगता है, उतना ही मुश्किल भी होता है. कई लड़कियां रोज़ मेकअप करती हैं, लेकिन जैसे ही आईलाइनर की बारी आती है, हाथ कांपने लगता है. खासकर विंग्ड आईलाइनर बनाना तो किसी टास्क से कम नहीं होता. हल्की सी गलती और पूरा लुक खराब. इसी परेशानी का आसान और देसी समाधान अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जहां एक लड़की ने आईलाइनर लगाने का ऐसा गजब का हैक दिखाया है कि लोग दंग रह गए.

इस वायरल वीडियो में लड़की ने आईलाइनर लगाने के लिए किसी महंगे टूल या ब्रश का इस्तेमाल नहीं किया. बल्कि उसने घर में पड़ी खराब दवाइयों की खाली टैबलेट स्ट्रिप यानी टैबलेट का पत्ता उठाया. सबसे पहले उसने उस पत्ते को विंग्स के शेप में कैंची से काट लिया. इसके बाद उस कटे हुए शेप पर ब्लैक आईलाइनर से अच्छे से रंग भर दिया, ताकि पूरी विंग एक जैसी दिखे. यह तरीका उन लोगों के लिए खास है, जिन्हें दोनों आंखों पर



सेम शेप बनाना मुश्किल लगता है.

इसके बाद लड़की ने एक ईयरबड स्टिक ली और टैबलेट के कटे हुए पत्ते को हल्के से उस पर चिपका दिया. इस तरह उसका एक छोटा सा आईलाइनर स्टैम्प तैयार हो गया. फिर उसने इस स्टैम्प को आंख के कोने पर विंग्स के शेप में हल्के से लगाया और कुछ सेकंड दबाकर रखा. जैसे ही स्टैम्प हटाया गया, आंखों पर परफेक्ट विंग्ड आईलाइनर नजर आया. न टेढ़ा, न मोटा और न ही फैला हुआ.

इस हैक की सबसे खास बात यह है कि इसमें दोनों आंखों पर एक जैसा आईलाइनर बन जाता है. आमतौर पर लोग एक आंख पर तो ठीक बना लेते हैं, लेकिन दूसरी आंख पर शेप बिगड़ जाती है. टैबलेट पत्ते वाला यह स्टैम्प इस समस्या को पूरी तरह खत्म कर देता है. यही वजह है कि वीडियो को लाखों बार देखा जा चुका है और लोग इसे काफी पसंद कर रहे हैं. सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि यह हैक खासतौर पर बिगिनर्स के लिए बहुत फायदेमंद है. जिन लड़कियों को रोज ऑफिस या कॉलेज जाना होता है और जल्दी तैयार होना पड़ता है, उनके लिए यह ट्रिक समय भी बचाती है. इसके अलावा, इसमें किसी एक्स्ट्रा खर्च की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि टैबलेट का पत्ता और ईयरबड स्टिक आसानी से घर में मिल जाते हैं.

ध्यान रहे, टैबलेट स्ट्रिप साफ होनी चाहिए और उस पर कोई दवा का रेजिड्यू न हो. इस्तेमाल से पहले उसे अच्छे से धोकर सुखा लेना जरूरी है, ताकि आंखों में किसी तरह की जलन या इंफेक्शन का खतरा न रहे.

# घर पर ऐसे करें अदरक स्टोर

**सर्दी-खांसी और जुकाम में अदरक को आयुर्वेद में अत्यंत प्रभावी घरेलू औषधि माना गया है. अदरक की तासीर गर्म होती है, जो शरीर को अंदर से गर्म रखकर ठंड के प्रभाव को कम करती है. इसमें मौजूद एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण संक्रमण से लड़ने में सहायक होते हैं और गले की सूजन, खराश व दर्द को शांत करते हैं. सर्दी-खांसी के दौरान अदरक का सेवन कफ को पतला करता है, जिससे बलगम आसानी से बाहर निकलता है और सांस लेने में राहत मिलती है.**

अदरक की चाय सर्दियों में सबसे अधिक उपयोग किया जाने वाला उपाय है. यह बंद नाक खोलने, सिरदर्द कम करने और शरीर की थकान दूर करने में मदद करती है. अदरक का रस शहद के साथ लेने से खांसी की तीव्रता कम होती है और गले में जमा कफ साफ होता है. इसके अलावा अदरक, काली मिर्च और तुलसी से बना काढ़ा जुकाम के लक्षणों को तेजी से कम करता है. नियमित लेकिन सीमित मात्रा में अदरक का सेवन



रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है, जिससे बार-बार होने वाली सर्दी-खांसी से बचाव होता है. इस तरह अदरक न केवल लक्षणों में राहत देता है, बल्कि शरीर को अंदर से मजबूत बनाकर मौसम जनित बीमारियों से सुरक्षा भी प्रदान करता है.

### घर पर नेचुरल अदरक पाउडर बनाने की विधि

- सबसे पहले अदरक को अच्छी तरह धो लें.
- फिर उसे छीलकर या बारीक काटकर/कद्दूकस कर लें.
- अब उसे 5–6 दिन तेज धूप में अच्छी तरह सुखा लें.
- जब अदरक पूरी तरह सूख जाए और ब्राउन रंग की हो जाए उसे मिक्सी में पीस लें.
- तैयार पाउडर को एयरटाइट डिब्बे में रखें.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### मछली पकड़ने गए हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या, दूसरे गांव के तिराहे पर फेंका शव

**बदायूं.** यूपी के बदायूं में गंगा में मछली पकड़ने गए हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसके शव को दूसरे गांव के तिराहे पर फेंक दिया गया। परिवार के लोग गांव के ही दूसरे हिस्ट्रीशीटर पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मरने वाला 44 वर्षीय युवक अंतरराज्यीय बदमाश था। इसके खिलाफ प्रदेश के अलावा कई राज्यों में लूट, चोरी के मुकदमे हैं। नये साले छह दिन में बदायूं जिलें में हत्या की यह चौथी वारदात है। उसहैत के अहमद नगर बछौरा गांव निवासी राजाराम 44 वर्ष पुत्र भूमिराज भुर्जी बीती रात घर से गंगा किनारे खेत में जाने की बात कहकर निकला था। राजामराम के भाई के मुताबिक रात के समय गांव के ही एक हिस्ट्रीशीटर ने उसको मछली पकड़ने के विवाद में गोली मारकर हत्या कर दी। गोली पेट में मारी। उसके शव को मुगर्रा जरासी गांव के तिराहे पर फेंक दिया गया।

### अगवा कर 20 लाख वसूलने में थानेदार और दारोगा पर FIR, जांच में खुली गुंडई की पोल

**बांदा.** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले में खाकी ने एक बार फिर से शर्मसार कर दिया। युवक को अगवा कर 20 लाख रुपये वसूलने और उसके बाद भी गांजा में जेल भेजने के मामले में सोमवार को कोर्ट ने अतर्रा के तत्कालीन थानाध्यक्ष, एसआई और चार सिपाहियों सहित मुखबिर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के हरदौली गांव निवासी कमालुद्दीन पुत्र हाजी ताहिर ने मामले में कहीं सुनवाई न होने पर 25 अप्रैल 2025 को कोर्ट में वाद दायर किया। कोर्ट ने अतर्रा थाने से रिपोर्ट मांगी। फर्जी रिपोर्ट लगाने पर न्यायालय ने वाद निरस्त कर दिया। इसके बाद उन्होंने उच्चाधिकारियों और मानवाधिकार आयोग में गुहार लगाई। गुहार लगाने के बाद आयोग के आदेश पर एसपी ने तत्कालीन अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र व नरैनी सीओ अंबुजा त्रिवेदी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की। एसआईटी की जांच में थानाध्यक्ष सहित सभी सात लोग दोषी पाए गए।

### बिटक्वाइन का लालच देकर 2 करोड़ की ठगी

**कानपुर.** यूपी के कानपुर में मेडिकल स्टोर संचालक ने बिटक्वाइन में लगी 44 करोड़ रुपये की रकम को पीएमओ में तैनात दोस्त की मदद से रिलीव कराने और मुनाफे का लालच देकर पड़ोसी समेत चार लोगों से दो करोड़ रुपये ठग लिए। नई फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड, सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट, जीएसटी आदि के प्रपत्र दिखाकर यह रकम ठगी गई। मेडिकल स्टोर संचालक अपने दूसरे साथी को पीएमओ का अधिकारी बताकर पीड़ितों से फोन पर बात भी कराता था। उसके विश्वास में आकर पीड़ितों ने डेढ़ गुना राशि के लालच में पैसा लगा दिया। पीड़ितों की ओर से पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मेडिकल स्टोर संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके दूसरे साथी की तलाश की जा रही है।

### अमेरिकी ऐक्शन पर कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा-

# ‘वेनेजुएला जैसा तो भारत में भी हो सकता है’

**मुंबई.** कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा है कि वेनेजुएला जैसा ही हाल भारत में भी हो सकता है। उन्होंने इस मामले पर भारत सरकार की प्रतिक्रिया की भी आलोचना की है। अमेरिका ने वेनेजुएला में प्रवेश कर नेता निकोलस मादुरो को गिरफ्तार किया था। मादुरो को न्यूयॉर्क की अदालत में पेश किया गया था, जहां उन्होंने खुद को निर्दोष बताया है। भारत ने अमेरिका की कार्रवाई पर चिंता जाहिर की थी।

सोमवार को चव्हाण ने कहा, ‘वेनेजुएला में जो भी हुआ वो यूएन चार्टर के खिलाफ था। एक निर्वाचित राष्ट्रपति को किडनैप किया गया। यह बहुत ही चिंता की बात है कि कल ऐसा किसी भी देश के साथ हो सकता है। कल ऐसा



भारत के साथ हो सकता है...। भारत ने हमेशा की तरह इस मामले पर भी कुछ नहीं कहा, वेनेजुएला मामले में कोई स्टैंड नहीं लिया।’ उन्होंने कहा, ‘रूस और चीन ने स्टैंड लिया और अमेरिका की कार्रवाई की आलोचना की। ऐसा ही यूक्रेन युद्ध में भी हुआ। हमने कोई पक्ष नहीं लिया। इजरायल और हमास मामले में भी हमने कोई पक्ष नहीं लिया और अब देखिए, हम अमेरिका से इतने डरे हुए हैं कि जो हुआ हम उसकी आलोचना भी नहीं कर रहे हैं।’

### कोर्ट में पेश हुए मादुरो



मादुरो को मादक पदार्थों से संबंधित आतंकवाद के आरोपों पर सोमवार को पहली बार अमेरिकी अदालत में पेश किया गया। इन आरोपों का इस्तेमाल ट्रंप प्रशासन ने उन्हें पकड़ने और न्यूयॉर्क लाने के कदम को उचित ठहराने के लिए किया था। एपी की रिपोर्ट के अनुसार, मादुरो ने अमेरिकी अदालत में खुद को निर्दोष बताते हुए न्यायाधीश से कहा, ‘मैं एक सभ्य व्यक्ति हूं, अपने देश का राष्ट्रपति हूं।’

मादुरो और उनकी पत्नी को सोमवार तड़के ब्रुकलिन जेल से सशस्त्र सुरक्षा के तहत ले जाया गया, जहां उन्हें मैनहट्टन कोर्टहाउस में हिरासत में रखा गया है। मादुरो के वकीलों उनकी गिरफ्तारी की वैधता को इस तर्क के साथ चुनौती दिए जाने की उम्मीद है कि एक संप्रभु राष्ट्राध्यक्ष होने के नाते उन्हें अभियोजन से छूट प्राप्त है।

# नेपाल के बीरगंज में हिंसा

- मस्जिद में तोड़फोड़ पर बवाल; भारत की सीमा पर अलर्ट

**काठमांडू.** प्रशासन का कहना है कि कर्फ्यू के दौरान सुरक्षा बलों को आदेश दिया है कि किसी भी उपद्रवी को वे गोली मार सकते हैं। आम लोगों को सलाह दी गई है कि बेहद जरूरी काम से ही बाहर निकलें। इसके अलावा आसपास में किसी तरह के उपद्रव की स्थिति में 100 नंबर पर कॉल करें। कहा जा रहा है कि इस मामले की शुरुआत दो युवकों हैदर अंसारी और अमानत अंसारी द्वारा टिकटॉक पर एक वीडियो शेयर करने के बाद हुई। इस वीडियो को लेकर हिंदू समुदाय के लोगों का कहना था कि इससे हमारी भावनाएं आहत हुई हैं। दोनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था। फिर यह तनाव और बढ़ गया, जब कमला इलाके में एक मस्जिद में



तोड़फोड़ किए जाने की खबर आई। इसके बाद जब स्थानीय तौर पर तनाव बढ़ा तो टिकटॉक पर ही कई ऐसे वीडियो वायरल हुए, जिससे अफवाहों ने जोर पकड़ा और पूरे बीरगंज में ही तनाव की स्थिति पैदा हो गई। उपद्रव भी हुए और कुछ लोगों ने पत्थरबाजी की। अंत में पुलिस-प्रशासन ने कर्फ्यू ही लगा दिया ताकि हालात को कंट्रोल किया जा सके। प्रशासन का कहना है कि कर्फ्यू के दौरान सुरक्षा बलों को आदेश दिया है कि किसी भी उपद्रवी को वे गोली मार सकते हैं। आम लोगों को सलाह दी गई है कि बेहद जरूरी काम से ही बाहर निकलें।

# दूषित पानी पर हाईकोर्ट सख्त - स्वच्छ पेयजल मौलिक अधिकार

- सरकार के जवाब को बताया असंवेदनशील,
- कहा- अफसरों पर तय होगी क्रिमिनल जिम्मेदारी

**इंदौर.** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में मंगलवार (6 जनवरी) को दूषित पेयजल से जुड़े मामले पर 4 से 5 याचिकाओं की एक साथ सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि इस घटना ने इंदौर शहर की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। देश का सबसे स्वच्छ शहर




कहलाने वाला इंदौर अब दूषित पानी की वजह से पूरे भारत में चर्चा का विषय बन गया है।

हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि सिर्फ इंदौर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में स्वच्छ पानी जनता का मौलिक अधिकार है और इससे किसी भी हाल में समझौता नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि यदि भविष्य में आवश्यकता पड़ी तो दोषी अधिकारियों पर सिविल और क्रिमिनल लायबिलिटी भी तय की जाएगी। साथ ही संकेत दिए गए कि अगर पीड़ितों को मुआवजा कम मिला है तो उस पर भी अदालत उचित निर्देश जारी करेगी।

### मरीजों को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश

कोर्ट ने दूषित पानी से प्रभावित मरीजों को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा इस पूरे मामले में हुई मौतों को लेकर विस्तृत रिपोर्ट भी तलब की गई है। अगली सुनवाई 15 जनवरी को होगी, जिसमें मुख्य सचिव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### अब तक 17 लोगों की मौत, 421 मरीज अस्पतालों में भर्ती

बताया गया कि दूषित पानी पीने से अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है। फिलहाल 110 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं, जबकि कुल 421 मरीजों को अब तक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से 311 मरीज डिस्चार्ज हो चुके हैं। आईसीयू में 15 मरीजों का इलाज जारी है। वहीं उल्टी-दस्त के 38 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें से 6 मरीजों को अरबिंदो अस्पताल रेफर किया गया है।

# महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष ने रितेश देशमुख से माफी मांगी

- कहा था- विलासराव की यादें मिटा देंगे
- एक्टर रितेश बोले- पापा का नाम लोगों के मन में दर्ज

**मुंबई.** महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने पूर्व CM विलासराव देशमुख पर अपनी टिप्पणी को लेकर उनके बेटों से माफी मांगी है। रवींद्र चव्हाण ने मंगलवार को कहा- मेरी टिप्पणी राजनीतिक मकसद से नहीं थी।अगर इससे दिवंगत नेता के बेटे की भावनाएं आहत हुई हैं तो वह उनसे माफी मांगते हैं।



दरअसल, रवींद्र चव्हाण ने सोमवार को लातूर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि आपका (कार्यकर्ताओं का) उत्साह देखकर मैं पूरे भरोसे के साथ कह सकता हूं कि विलासराव देशमुख की यादें इस शहर से मिट जाएंगी।

विलासराव के बड़े बेटे और कांग्रेस नेता अमित देशमुख ने बयान की निंदा करते हुए कहा कि किसी बाहरी व्यक्ति के कहने से उनके पिता की यादें नहीं मिट सकतीं। पूर्व CM के छोटे बेटे और एक्टर रितेश देशमुख ने भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को जवाब दिया।

एक्टर ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक भावुक वीडियो पोस्ट कर कहा- जनता के लिए जीने वालों के नाम उनके मन में दर्ज हैं। जो लिखा है उसे मिटाया जा सकता है, लेकिन जो मन में दर्ज है उसे मिटाया नहीं जा सकता।

### विलासराव दो बार CM और पूर्व केंद्रीय मंत्री रह चुके

विलासराव देशमुख लातूर के रहने वाले थे। वे दो बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री रह चुके थे। उनका 14 अगस्त, 2012 को 67 साल की उम्र में चेन्नई में निधन हो गया। वे लिवर और किडनी की बीमारियों से जूझ रहे थे। उन्हें लातूर के विकास में उनके योगदान के लिए याद किया जाता है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री कलमाड़ी का निधन

- कॉमनवेल्थ गेम्स में भ्रष्टाचार को लेकर विवाद
- जेल भी जाना पड़ा

**पुणे.** पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 81 साल के थे। कलमाड़ी को पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे अंतिम सांस ली।



कलमाड़ी के आधिकारिक कार्यालय के मुताबिक उनका पार्थिव शरीर दोपहर 2 बजे तक कलमाड़ी हाउस एरंडवणे में रखा जाएगा। अंतिम संस्कार दोपहर 3.30 बजे वैकुंठ श्मशान पुणे में होगा।

सुरेश शामराव कलमाड़ी का जन्म 1 मई 1944 को हुआ था। कलमाड़ी पुणे लोकसभा सीट से 3 बार सांसद चुने गए। राजनीति के साथ-साथ वे खेल प्रशासन के लिए भी जाने जाते रहे। भारतीय ओलिंपिक संघ (IOA) के अध्यक्ष थे। 2010 में दिल्ली में हुए ग्लोबल इवेंट कॉमनवेल्थ गेम्स की आयोजन समिति के चेयरमैन भी थे। कलमाड़ी ने रेल राज्य मंत्री के रूप में भी काम किया था।

# आंध्र प्रदेश में तेल कुएं में गैस रिसाव से आग

- 20 मी. ऊंची लपटें उठी
- 3 गांव खाली कराए
- दिल्ली-मुंबई से ONGC की टीम रवाना

आंध्र प्रदेश के कोनसीमा में ऑयल एंड नेचुरल कॉर्पोरेशन (ONGC) के तेल कुएं में गैस रिसाव के बाद तेज आग लगी। 20 मी. ऊंची लपटें उठ रही हैं। 4 किमी रेडियस में आने वाले 3 गांव



इरुसुमंडा, गुडापल्ली और लक्कावरम खाली कराए गए हैं।

ONGC के मुताबिक 600 लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया गया है। दो स्कूलों की छुट्टी की गई है। 5 जनवरी की दोपहर 12.20 बजे राजोले इलाके में मौजूद मोरी-5 कुएं की पाइपलाइन में लीकेज के कारण आग लगी। 20 मिनट बाद ही गैस ने आग पकड़ ली थी। कुआं दीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड ऑपरेट कर रहा है।

अधिकारियों ने कहा कि राहत शिविरों में खाने-पानी की व्यवस्था की। मौके पर फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं। ONGC ने बताया कि क्षेत्र सील कर कूलिंग ऑपरेशन शुरू कर दिए गए हैं और जरूरत पड़ने पर कुएं को कैप किया जाएगा। अभी किसी की मौत या घायल होने की सूचना नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही ONGC की टीमें मौके पर पहुंचीं और गैस रिसाव व आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। पूरे इलाके को घेराबंदी कर सील कर दिया गया है।

### JNU में नारे लगे- मोदी-शाह की कब्र खुदेगी

**नई दिल्ली.** दिल्ली की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (JNU) में सोमवार रात कुछ छात्रों ने पीएम मोदी और अमित शाह के खिलाफ विवादित नारे लगाए। नारेबाजी का 35 सेकेंड का वीडियो मंगलवार को सामने आया। यह अब वायरल हो रहा है।

वीडियो में छात्र ‘मोदी-शाह की कब्र खुदेगी, जेएनयू की धरती पर’ नारे लगाते और गाते दिखे। BJP प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने दावा किया है कि JNU में यह प्रदर्शन उमर खालिद-शरजील के समर्थन में हुआ। यह विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि राष्ट्रविरोधी विचारधारा का प्रसार है। कांग्रेस ने कहा है कि यह गुस्सा जाहिर करने का एक तरीका है। दरअसल, एक दिन पहले 2020 दिल्ली दंगों की साजिश मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार किया था।

JNU स्टूडेंट्स यूनियन की अध्यक्ष अदिति मिश्रा ने कहा कि हर साल छात्र 5 जनवरी 2020 को कैंपस में हुई हिंसा की निंदा करने के लिए विरोध प्रदर्शन करते हैं।

# बांग्लादेश में 18 दिन में छठे हिंदू की हत्या

- दुकानदार पर धारदार हथियार से हमला
- बढ़ती हिंसा को लेकर फेसबुक पोस्ट किया था

बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में सोमवार रात एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय शरत चक्रवर्ती मणि के रूप में हुई है। यह बीते 18 दिनों में छठे हिंदू व्यक्ति की हत्या है।

शरत चक्रवर्ती मणि पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में अपनी किराना दुकान चला रहे थे। इसी दौरान अचानक पहुंचे अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए।

गंभीर रूप से घायल मणि को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। 19 दिसंबर को मणि ने फेसबुक पर एक पोस्ट लिखकर देश में बढ़ती हिंसा पर चिंता जताई थी और अपने इलाके को मौत की घाटी बताया था।



### कल ही एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या

5 जनवरी को ही जेसोर जिले में भी एक हिंदू व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मोनिरामपुर इलाके में एक आइस फैक्ट्री मालिक राणा प्रताप बैरागी की सार्वजनिक रूप से हत्या हुई।

वे कपलिया बाजार में आइस फैक्ट्री चलाते थे और दैनिक बीडी खबर’ अखबार के कार्यकारी संपादक भी थे। रिपोर्ट के मुताबिक, बाइक पर सवार तीन हमलावर उन्हें फैक्ट्री से बाहर बुलाकर एक गली में ले गए और सिर में नजदीक से गोली मारकर फरार हो गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

बदमाश गोली मारने के बाद मौके से फरार हो गए। बाद में पुलिस ने घटनास्थल से सात खाली कारतूस बरामद किए।

# वैभव सूर्यवंशी की 19 बॉल पर फिफ्टी




- 10 छक्कों के सहारे 68 रन बनाए
- साउथ अफ्रीका अंडर-19 को 2 विकेट से हराया

14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने सोमवार को साउथ अफ्रीका की अंडर-19 टीम के खिलाफ 19 बॉल पर फिफ्टी बनाई। उन्होंने 24 बॉल में 68 रन की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 10 छक्के और एक चौका भी जमाया।

इस तरह उन्होंने 68 में से 64 रन बाउंड्री से बनाए। बेनोनी के विलोमूर पार्क स्टेडियम में वैभव ने छक्के से अपना खाता खोला। फिर फिफ्टी पूरी होते-होते 8 छक्के लगा दिए।

246 के टारगेट का पीछा करते हुए टीम इंडिया ने 12.5 ओवर में 2 विकेट खोकर 115 रन बना लिए। तभी खराब रोशनी के कारण खेल रोका गया। फिर 27 ओवर में 174 रन का रिवाइज्ड टारगेट मिला। भारत ने 23.3 ओवर में मैच जीत लिया।

वैभव 68 रन बनाकर आउट हुए। उनके विकेट के बाद खराब रोशनी के कारण खेल रोकना पड़ा। तब तक भारत ने 115 रन बना लिए थे। भारत को 27 ओवर में 174 रन बनाने का नया टारगेट मिला।

### वैभव की फिफ्टी से भारत की तेज शुरुआत

245 रन का टारगेट चेज करने उतरी भारतीय टीम ने वैभव की फिफ्टी के सहारे तेज शुरुआत की। टीम ने 10 ओवर के पावरप्ले-1 में 2 विकेट पर 103 रन बना डाले थे। वैभव ने पहले ओवर में दो छक्के लगाए थे। बांग्लादेश की टीम टी-20 वर्ल्ड कप खेलने भारत नहीं आएगी। यह जानकारी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने दी। बोर्ड ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) से अपनी टीम के मैच श्रीलंका में कराने की मांग भी की है।

# बुर्के-घूंघट वाली महिलाएं नहीं खरीद पाएंगी गहने

- झांसी में दुकानों पर पोस्टर लगे
- कारोबारी बोले- चोर को पहचान नहीं पाते

**झांसी.** झांसी में चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर सर्राफा व्यापार मंडल ने एक अनोखा, लेकिन सख्त फैसला लिया है। अब चेहरा ढककर आने वाले ग्राहकों को गहने नहीं बेचेंगे। महिला ग्राहक चाहे बुर्के में हो या घूंघट में, या फिर पुरुष ने नकाब पहना हो, किसी को ज्वेलर्स गहने नहीं दिखाएंगे।

अगर गहने देखने या खरीदने हैं तो पहले चेहरे से नकाब, बुर्का और घूंघट हटाना होगा। इसको लेकर




व्यापारियों ने अपनी दुकानों के बाहर पोस्टर लगाए हैं। जिसमें लिखा है- ग्राहकों से अनुरोध है कि कृपया दुकान के अंदर चेहरा खुला रखकर ही खरीदारी करें।

इस मामले पर सर्राफा व्यापारियों का कहना है- जब से सोना-चांदी के रेट बढ़े, तब से चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। पुरुषों के साथ महिलाएं भी चोरी कर रहीं। नकाब की वजह से चोर CCTV से भी पकड़े नहीं जाते। कैमरे में रिकॉर्डिंग होने के बाद भी कोई उनको पहचान नहीं पाता। फैसलपा सीपरी बाजार के सर्राफा बाजार का है। सीपरी बाजार सर्राफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष उदय सोनी ने बताया- जब से सोने-चांदी के भाव में तेजी आई है, तब से ज्वेलर्स शॉप में चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी। चोरों में जो लेडीज हुआ करती हैं, वे मुंह पर नकाब बांधती हैं। चोरी के बाद घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो जाती है। मगर नकाब की वजह से वे पकड़ी नहीं जाती। अगर पुलिस पकड़ भी लेती है तो कारोबारी उन्हें पहचान नहीं पाता।

### ‘मीटिंग के बाद सर्वसम्मति से लिया गया फैसला’

उदय सोनी ने बताया- महिलाओं के साथ पुरुष भी नकाब पहनकर आ जाते हैं। गहने चोरी कर ले जाते हैं। इन घटनाओं से बचने के लिए झांसी के सीपरी सर्राफा व्यापार मंडल के सर्राफा कारोबारियों ने मीटिंग की। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नकाबपोश ग्राहकों को गहने नहीं बेचे जाएंगे। जो महिलाएं नकाब नहीं खोलती हैं, व्यापारी उन्हें गहने नहीं दिखाएंगे। न ही गहने बेचेंगे। पुलिस से परमिशन लेकर सभी व्यापारियों ने अपनी दुकानों में पोस्टर भी लगा दिए हैं।

# थिनर से आग, 4 छात्र झुलसे

- चपरासी का बेटा एक्सपेरिमेंट दिखा रहा था
- घायल की मां बोलीं- जानबूझकर जलाया

ओडिशा के रायगड़ा जिले के एक स्कूल में सोमवार को पेंट थिनर से आग लगने की घटना में चार छात्र गंभीर रूप से झुलस गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस के अनुसार, मुनिगुड़ा ब्लॉक स्थित पैका डाकुलागुड़ा हाई स्कूल के चपरासी का बेटा बिनोद चार छोटे छात्रों को स्कूल की छत पर ले गया था। जहां बिनोद सभी को पेंट थिनर से आग लगा कर दिखाने लगा, जो बाद में बेकाबू हो गया और छात्र झुलस गए।

घटना की जानकारी मिलने के बाद स्कूल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### एसपी बोले- थिनर से आग लगा कर दिखा रहा था

रायगड़ा की पुलिस अधीक्षक स्वाथी एस कुमार ने बताया कि बिनोद उन्हें यह दिखाना चाहता था कि थिनर कैसे आग पकडता है। पहले उसने थोड़ा थिनर डाला और आग लगाई। इसके बाद सभी बारी-बारी थिनर डालकर आग लगाने लगे। इसी दौरान आग तेजी से फैल गई, जिससे छात्र झुलस गए।

# ट्रम्प के खिलाफ हुए 7 यूरोपीय देश

- डेनमार्क की PM बोलीं- ग्रीनलैंड पर हमला किया तो NATO खत्म
- कहा- ग्रीनलैंड का भविष्य उसके लोग तय करेंगे

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने कहा है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोशिश की तो NATO सैन्य गठबंधन का अंत हो जाएगा।

सोमवार रात एक टीवी इंटरव्यू में फ्रेडरिकसन ने कहा कि अगर अमेरिका किसी NATO सदस्य देश पर सैन्य कार्रवाई करता है, तो NATO की पूरी व्यवस्था ही खत्म हो जाएगी। कुछ भी नहीं बचेगा।

वहीं फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड, स्पेन और ब्रिटेन के नेताओं ने भी साफ कहा है कि ग्रीनलैंड वहां के लोगों का है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क से जुड़े किसी भी फैसले का हक सिर्फ ग्रीनलैंड और डेनमार्क को ही है।

दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने रविवार को दिए एक बयान में ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही थी। वे वेनेजुएला पर किए हमले को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान ट्रम्प



ने कहा था कि वह 20 दिन में ग्रीनलैंड पर बात करेंगे।

इससे पहले भी वह कई बार ग्रीनलैंड को अमेरिका के कंट्रोल में लाने की बात कर चुके हैं। ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है। ट्रम्प ने सैन्य कार्रवाई की संभावना से भी इनकार नहीं किया है।

डेनमार्क और ग्रीनलैंड, डेनमार्क साम्राज्य का हिस्सा हैं। डेनमार्क साम्राज्य और अमेरिका दोनों ही NATO के सदस्य देश हैं। इन देशों की संप्रभुता और सुरक्षा की गारंटी NATO की है।

इसके तहत किसी एक सदस्य देश के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को पूरे गठबंधन के देशों पर हमला माना जाता है।

अमेरिका का डेनमार्क और ग्रीनलैंड के साथ करीबी रिश्ता रहा है। डेनमार्क नाटो का संस्थापक सदस्य है। 1951 के रक्षा समझौते से अमेरिका को ग्रीनलैंड में मिलिट्री बेस रखने की अनुमति है। दोनों देश सुरक्षा, विज्ञान, पर्यावरण और व्यापार में सहयोग करते हैं।

**संक्षेप...**

## मनपा कर्मचारियों को चुनावी ट्रेनिंग में शामिल होना जरूरी

**भिवंडी.** भिवंडी निज़ामपुर सिटी म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन आम चुनाव 2025-26 के लिए चुनाव ड्यूटी पर लगाए गए कर्मचारियों की दूसरी ट्रेनिंग 06 और 07 जनवरी को रखी गई है। भिवंडी महानगर पालिका के कमिश्नर और चुनाव अधिकारी अनमोल सागर ने निर्देश दिए हैं कि यह ट्रेनिंग कर्मचारियों के लिए बहुत ज़रूरी है और सभी कर्मचारियों को ट्रेनिंग में शामिल होना चाहिए। साथ ही, संबंधित कर्मचारी विभागों को आदेश दिया जाएगा कि जो कर्मचारी ट्रेनिंग में शामिल नहीं होंगे, उनके खिलाफ केस दर्ज करें और इसे उनकी सर्विस बुक में दर्ज करें।

# ‘हम बोलना शुरू कर दें तो...’

## अजित पवार के लुटेरे गैंग वाले बयान पर महाराष्ट्र BJP चीफ का पलटवार





**मुंबई.** महाराष्ट्र बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने अजित पवार को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि अगर हम बोलना शुरू कर दें, तो अजित पवार को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा. चव्हाण का यह बयान अजित पवार के उस बयान के बाद आया है. जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य में लूटेरों का गैंग चल रहा है और वही लोग आपके साथ सत्ता में हैं.

दरअसल, बीजेपी ने महापालिका चुनाव प्रचार की शुरुआत शनिवार से की है. इस प्रचार के शुभारंभ के अवसर पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण उपस्थित थे और उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की. इसी बातचीत में एक पत्रकार ने उनसे सवाल पूछा कि अजित पवार ने शुक्रवार को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया था कि राज्य में लुटेरों का गैंग चल रहा है और वही लोग सत्ता में आपके साथ हैं.

### गिरेबान में झांककर देखे : रविंद्र चव्हाण

पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए रविंद्र चव्हाण ने कहा कि मुझे लगता है कि अजित पवार का यह बयान चुनाव के माहौल को देखते हुए दिया गया है. अजित पवार को पहले खुद अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए. वह किस पार्टी के बारे में बोल रहे हैं? क्या वह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली पार्टी के बारे में बात कर रहे हैं, या देवेंद्र जी के नेतृत्व वाली पार्टी पर आरोप लगा रहे हैं? आरोप और प्रत्यारोप कैसे किए जाते हैं, यह उन्हें तय करना चाहिए. अगर हम आरोप लगाने पर उतर आए, तो उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा. इसकी चिंता उन्हें जरूर करनी चाहिए. चव्हाण के इस बयान के बाद ये तो तय हो गया है कि महापालिका का चुनाव दिलचस्प होने वाला है.

# अंबरनाथ नपा पत्रकार कक्ष में पत्रकार दिन मनाया गया



### नगराध्यक्षा ने पत्रकारों को बधाई दी

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर पालिका प्रशासकीय भवन में 6 जनवरी को पत्रकार कक्ष में मराठी पत्रकार दिन मनाया गया. भाजपा की नवनिर्वाचित नगराध्यक्षा तेजश्री करंजुले पाटिल ने पत्रकारों की घरकुल समस्या को हल करने की मांग नगराध्यक्षा से की गई. पत्रकार यूसुफ शेख ने कहा कि जीवन में आदमी ने 3 फैक्टरी दिमाग में आइस फैक्टरी, जबान पर शुगर फैक्टरी और दिल में लव फैक्टरी लगाया तो उसका जीवन हो सकेगा सैटिसफैक्टरी. इस पर से नगराध्यक्षा ने कहा कि वह इन तीनों बातों को ध्यान में रखते हुए प्रशासकीय कामकाज और शहर विकास का कार्य करेंगी. पत्रकार सीजर लारेंस द्वारा ये कहे जाने पर कि अगर कभी टीका टिप्पणी की तो बुरा न मानें. इसके उत्तर में नगराध्यक्षा ने कहा मैं पत्रकारों की लेखनी का स्वागत करती हूं. निंदा करने वाले का घर पड़ोस में होगा तो सुधार लाया जा सकता है. सूत्र संचालय अशोक नाईक ने किया. नगराध्यक्षा के हाथों डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर पर हार अर्पण किया गया. उस समय जनसंपर्क अधिकारी किमिया पवार, पत्रकार सीजर लारेंस, यूसुफ शेख, सुनिल अहिरे, तनवीर शेख, अजय राव चिरिविला, निसार खान, शत्रुघ्न उमप, संजय राजगुरु, विपिन तिवारी, फाल्गुनी गायकवाड़, सुनिल वाघमारे आदि उपस्थित थे.

# ‘मताधिकार’ ऐप से एक क्लिक पर पोलिंग स्टेशन की मिलेगी पूरी जानकारी




**ठाणे.** आने वाले मनपा के आम चुनावों को देखते हुए, राज्य चुनाव आयोग मतदाता को चुनाव प्रक्रिया के बारे में पूरी, सही और अप-टू-डेट जानकारी देने के लिए एक असरदार और उपयोगी माध्यम के तौर पर ‘मताधिकार’ मोबाइल ऐप लॉन्च करने जा रहा है। यह ऐप डिजिटल टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल करके वोटर्स को घर बैठे जानकारी देने के मकसद से बनाया गया है।’मताधिकार’ मोबाइल ऐप को प्ले स्टोर से डाउनलोड करने के बाद,मतदाता अपने वोटर रजिस्ट्रेशन से जुड़ी सारी जानकारी बहुत आसान तरीके से पा सकते हैं। ऐप में संबंधित मनपा, जिला, विधानसभा या वार्ड जैसी बेसिक जानकारी भरने के बाद, वोटर का पोलिंग स्टेशन, EPIC (वोटर आइडेंटिटी कार्ड) नंबर, पोलिंग स्टेशन का पूरा पता,मतदान की तारीख और समय आदि एक क्लिक पर मिल जाते हैं।यह ऐप मतदाता को ऑफिस जाने, मतदान लिस्ट खोजने या जानकारी की कमी के कारण कन्फ्यूज होने से बचाएगा।मतदान राइट्स ऐप खासकर पहली बार वोट देने वालों, बाहर से आए लोगों और उन वोटर्स के लिए बहुत काम का साबित हो रहा है जिन्हें अपना पोलिंग स्टेशन या EPIC नंबर नहीं पता है।यह ऐप चुनाव प्रक्रिया में ट्रांसपेरेंसी, आसानी और क्रेडिबिलिटी बढ़ाने का एक ज़रूरी टूल है, और इसे मतदान में डिजिटल अवेयरनेस बढ़ाने के लिहाज से भी एक पॉजिटिव कदम माना जा रहा है। चुनाव प्रशासन ने हर नागरिक से आने वाले चुनावों में अपने डेमोक्रेटिक अधिकारों का इस्तेमाल करने की अपील की है, ताकि वे मतदान राइट्स ऐप का ज़्यादा से ज़्यादा इस्तेमाल कर सकें।

# 1 पिस्तौल और 1 जिंदा कारतूस जब्त

### आरोपी युवक गिरफ्तार



**भिवंडी.** आगामी मनपा चुनावों के संबंध में वरिष्ठों के आदेश पर 1 जनवरी को क्राइम ब्रांच यूनिट -2, भिवंडी के अधिकारी और कर्मचारी गश्त कर रहे थे.

पुलिसकर्मी अमोल इंगले को खबर मिली कि खदान रोड, शास्त्री नगर, भिवंडी में एक टेम्पो के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से अपने पास पिस्तौल के साथ बैठा है। खबर मिलने के बाद, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शीतल राउत ने सहायक पुलिस निरीक्षक मिथुन भोईर, पुलिस उप निरीक्षक रवींद्र बी. पाटिल के मार्गदर्शन में एक टीम के साथ खदान रोड, हिंदू कब्रिस्तान के पास, पहाड़ी की तरफ, शास्त्री नगर, में जाल बिछाकर आरोपी अक्षय दीपक कुमार वर्मा उर्फ शिवा (29) (निवासी रूम नंबर 02, अकबर शेठकी चॉल, हिंदुस्तान बेकरी के पीछे, आसबीबी रोड, हनुमान टेकड़ी, भिवंडी) को गिरफ्तार किया. उसकी तलाशी के दौरान 1 माउजर/पिस्तौल और 01 जिंदा कारतूस मिला।

उक्त आरोपी के खिलाफ भिवंडी सिटी पुलिस स्टेशन में, भिवंडी अपराध पंजी क्रमांक 02/2026, आर्म्स एक्ट 1959 की धारा 3, 25 और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 37(1), 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### गांव की आबादी 1300, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र 27 हजार बने

यवतमाल जिले में सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (CRS) में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। 1300 आबादी वाली शेंदुरसानी ग्राम पंचायत में 27 हजार जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र जारी होने का मामला पकड़ा गया है।

राज्य सरकार ने इस मामले की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) गठित की है। अधिकारियों के मुताबिक गांव की जनसंख्या और जारी प्रमाणपत्रों की संख्या में भारी अंतर है।

सरकारी जानकारी के अनुसार सिर्फ 3 महीनों में गांव में 27398 डिलेयड बर्थ रजिस्ट्रेशन (देरी से रजिस्टर्ड बर्थ सर्टिफिकेशन) दर्ज किए गए। यह आंकड़ा सामान्य जनसांख्यिकीय स्थिति से बिल्कुल अलग है।

अधिकारियों के मुताबिक इससे डिजिटल रजिस्ट्रेशन सिस्टम के दुरुपयोग और फर्जीवाड़े की आशंका जताई जा रही है।

# फ्री आई कैंप का लोगों को मिला लाभ

- ब्रह्माकुमारी संस्था का आयोजन




**भिवंडी.** ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय भिवंडी शाखा और वसई अंध दु:ख निवारक संस्था की ओर से पीस पार्क कामतघर में आयोजित मुफ्त मोतीबिंद ऑपरेशन कॅम्प का आयोजन किया गया.मुफ्त नेत्र जांच,सर्जरी कैंप का उद्घाटन टोरेंट पावर अधिकारी सुधीर देशमुख और उद्योगपति महादेव भाई द्वारा किया गया.

नेत्र जांच, मोतीबिंदु सर्जरी के मुफ्त कैंप में भारी संख्या में लोगों ने नेत्र विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम से जांच कर चश्मा,जरूरी औषधि प्राप्त किया. मुफ्त नेत्र जांच शिविर में 98 लोगों के मोतीबिंदु होने का खुलासा जांच के बाद होने पर संस्था ने फ्री आपरेशन,मेडिसिन,भोजन सहित आवागमन की व्यवस्था की है. उक्त मौके पर शीतल देशमुख मैडम,वसई दुख निवारक मंडल के डॉक्टर लालचंद गुप्ता, बीके आनंद भाई, शिल्पा दीदी,बिंदु दीदी, दीपा दीदी, स्वेता दीदी,अर्पणा दीदी, गौतमी दीदी, कल्याणी दीदी सहित संस्था के सेवादार उपस्थिति.

# 224 शराबी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई




**ठाणे.** 31 दिसंबर और न्यू ईयर के स्वागत के मौके पर, ठाणे पुलिस पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 224 शराबी ड्राइवरों और शराबी ड्राइवरों के साथ घूमने वाले 12 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। सबसे ज्यादा कार्रवाई ठाणे शहर में की गई।

ठाणे, डोंबिवली, कल्याण, विट्ठलवाड़ी, उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापुर और भिवंडी शहर ठाणे पुलिस कमिश्नरेट एरिया में आते हैं। इस एरिया में ठाणे ट्रैफिक पुलिस के 18 कक्ष काम कर रहे हैं। न्यू ईयर ईव पर बहुत से लोग घूमने निकलते हैं। लेकिन कुछ शराब पीकर गाड़ी चलाते हैं। इससे गंभीर एक्सीडेंट का डर रहता है।

| शहर | शराबी ड्राइवर | यात्रियों के साथ |
|---|---|---|
| ठाणे से दिवा | 85 | 07 |
| भिवंडी | 46 | 03 |
| डोंबिवली-कल्याण | 63 | 02 |
| उल्हासनगर | 30 | 00 |
| कुल | 224 | 12 |

ठाणे ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से शराब पीकर गाड़ी न चलाने की अपील की थी। नए साल के स्वागत से एक दिन पहले, ठाणे पुलिस कमिश्नर आशुतोष डुंबरे, जॉइंट कमिश्नर ऑफ़ पुलिस डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण के निर्देश पर, ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के 59 अधिकारियों और 680 कर्मचारियों समेत कुल 739 मैनपावर को कुल 54 जगहों पर तैनात किया गया था।

पुलिस जांच के दौरान, पुलिस ने 224 शराबी ड्राइवरों और शराबी ड्राइवरों के साथ यात्रा करने वाले 12 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। डिप्टी कमिश्नर पंकज शिरसाट ने कहा कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले ड्राइवरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है।

# उल्हासनगर में आवारा कुत्तों का आतंक



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर कैंप 3 के सेक्शन 20 गोल चक्कर इलाके में आवारा कुत्तों के आतंक ने लोगों का सड़क पर चलना भी खतरनाक बना दिया है। दिनदहाड़े कुत्तों द्वारा लोगों पर पीछे से हमला करने और काटने का एक CCTV वीडियो सामने आने के बाद, पूरे इलाके में डर का माहौल फैल गया है।

उल्हासनगर कैंप 3 के सेक्शन 20 गोलचक्कर इलाके में आवारा कुत्तों ने उत्पात मचा रखा है, जिससे इस इलाके के लोगों में बहुत ज़्यादा डर है। पिछले कुछ दिनों में, कुत्तों द्वारा अचानक पैदल चलने वालों पर हमला करने और काटने के CCTV वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, जिसमें साफ दिख रहा है कि सड़क पर शांति से चल रहे लोगों का पीछा करके उन पर हमला किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह समस्या किसी एक या दूसरी घटना तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हर दिन कोई न कोई कुत्तों के हमलों का शिकार हो रहा है। हालांकि अभी केवल दो CCTV फुटेज उपलब्ध हैं, लेकिन लोगों का आरोप है कि ऐसी कई घटनाएं होने के बावजूद रिकॉर्ड नहीं की जा रही हैं। आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनके गुस्सैल स्वभाव के कारण सुबह टहलना या शाम को बाज़ार जाना भी खतरनाक हो गया है। खासकर बच्चों, बुज़ुर्ग नागरिकों और महिलाओं की सुरक्षा चिंता का विषय बन गई है, और इलाके के लोगों को लग रहा है कि कोई बड़ा हादसा होने से पहले प्रशासन को जाग जाना चाहिए।

नागरिकों की ज़ोरदार मांग है कि उल्हासनगर महानगरपालिका इस पूरी स्थिति का संज्ञान लेकर तुरंत और असरदार कार्रवाई करे। नागरिकों का कहना है कि आवारा कुत्तों को तुरंत पकड़ना, उनकी मेडिकल जांच करवाना, वैक्सीनेशन और नसबंदी अभियान को और असरदार तरीके से लागू करना और संवेदनशील इलाकों में एक खास टीम नियुक्त करना ज़रूरी है। सिर्फ़ कागजी कार्रवाई या खोखले वादों से संतुष्ट होने के बजाय, महानगरपालिका को पूरे कैंप 3 इलाके, खासकर सेक्शन 20 गोलचक्कर इलाके में असल कार्रवाई करनी चाहिए और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए, नहीं तो ज़ोरदार आंदोलन किया जाएगा, ऐसी चेतावनी भी स्थानीय निवासियों ने दी है।

# प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्शन सेंटर 31 मार्च तक छुट्टियों में भी खुले रहेंगे

**ठाणे.** प्रॉपर्टी टैक्स धारक को अपना टैक्स भरने में आसानी हो, इसके लिए मनपा के सभी वार्ड और सब-वार्ड लेवल पर सभी टैक्स कलेक्शन सेंटर 31 मार्च 2026 तक छुट्टियों में भी खुले रहेंगे आयुक्त सौरभ राव ने कहा।मनपा एरिया के उन टैक्स धारकों को आसानी हो, जो सीधे वार्ड ऑफिस में अपना प्रॉपर्टी टैक्स भरते है। टैक्स कलेक्शन सेंटर और हेड ऑफिस भी सभी शनिवार, रविवार और सभी पब्लिक हॉलिडे 3 मार्च, 2026 को धूलि वंदना होने के कारण इस दिन को छोड़कर सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक और सभी रविवार को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक टैक्स कलेक्शन के लिए चालू रहेंगे। प्रॉपर्टी टैक्स पेमेंट के ऑनलाइन पेमेंट के लिए म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट www.thanecity.gov.in पर ई-सुविधा उपलब्ध कराई गई है।उपायुक्त (टैक्स) जी.जी. गोदापुरे ने यह भी बताया कि वार्ड ऑफिस के सभी कलेक्शन सेंटर पर भी प्रॉपर्टी टैक्स पेमेंट लिए जाते हैं।

# सांसद कंगना रनोट की फिल्मों में वापसी

- ‘भारत भाग्य विधाता’ की शूटिंग शुरू की
- बोलीं- सेट पर आकर अच्छा लग रहा है




लोकसभा चुनाव जीतकर मंडी की सांसद बनीं कंगना रनोट ने लंबे समय बाद फिल्म के सेट पर वापसी की है। कंगना ने सोमवार को अपनी अपकमिंग फिल्म भारत भाग्य विधाता की शूटिंग शुरू की है। कंगना रनोट ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म भारत भाग्य विधाता के सेट से एक वीडियो पोस्ट किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, मणिकर्णिका फिल्म्स के सेट पर आकर अच्छा लग रहा है।

कंगना रनोट के प्रोडक्शन हाउस मणिकर्णिका फिल्म्स के इंस्टाग्राम अकाउंट से भी कंगना का वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो फिल्म के सेट का मुआयना करती नजर आई हैं।

### 2024 में हुई थी भारत भाग्य विधाता की अनाउंसमेंट

कंगना रनोट ने सितंबर 2024 में फिल्म भारत भाग्य विधाता की अनाउंसमेंट की थी। ये फिल्म आम जनता की एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी उपलब्धि की कहानी होने वाली है, जिसमें कंगना रनोट लीड रोल में हैं। इस फिल्म को मनोज तपाड़िया ने लिखा है। इस फिल्म का निर्देशन भी मनोज ही करेंगे। फिल्म कंगना रनोट के प्रोडक्शन हाउस मणिकर्णिका के बैनर तले बन रही है, जिसे बबिता अशिवाल और आदि शर्मा भी प्रोड्यूस कर रहे हैं।

कंगना रनोट की आखिरी फिल्म इमरजेंसी थी, जो जनवरी 2025 में रिलीज हुई थी। शुरुआत में ये फिल्म 2024 में रिलीज होने वाली थी, हालांकि फिल्म सर्टिफिकेशन विवाद के चलते फिल्म लंबे समय से टलती रही। लंबे विवाद के बाद फिल्म जनवरी 2025 में आई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही।

अब भारत भाग्य विधाता, इमरजेंसी के बाद कंगना रनोट की पहली फिल्म होने वाली है।

# मतदान के लिए पाचपखाड़ी परिसर में किया जागरूक



**ठाणे.** 15 जनवरी को होने वाले ठाणे मनपा के आम चुनाव 2025-26 के बैकग्राउंड में स्वीप टीम शहर की अलग-अलग प्रभाग समितियों के तहत मतदाता में मतदान के बारे में अवेयरनेस लाने के लिए रैलियां, प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक और मतदान शपथ प्रोग्राम ऑर्गनाइज़ कर रही है। इन एक्टिविटीज़ को नागरिकों, स्टूडेंट्स, टीचर्स और पेरेंट्स से तुरंत रिस्पॉन्स मिल रहा है।

मतदान परसेंटेज बढ़ाने और ज़्यादा से ज़्यादा नागरिक अपने डेमोक्रेटिक अधिकारों का इस्तेमाल करें, यह पक्का करने के लिए ठाणे मनपा के ज़रिए लोगों में अवेयरनेस फैलाई जा रही है।मनपा आयुक्त और चुनाव अधिकारी सौरभ राव, स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. मिताली संचेती के गाइडेंस में, हर दिन शहर के अलग-अलग हिस्सों में लोगों में अवेयरनेस फैलाई जा रही है।

आज सुबह पाचपखाड़ी वार्ड में सरस्वती एजुकेशन सोसाइटी द्वारा चलाए जा रहे हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज, में मतदान अवेयरनेस फैलाने के लिए एक मॉर्निंग राउंड-रॉबिन रखा गया।कचराली तालाब परिसर के निर्मलादेवी दिघे पार्क में लोगों को वोट देने के लिए बढ़ावा देने के लिए एक रैली निकाली गई। हर नागरिक से अपील की गई कि वे आने वाले 15 जनवरी को होने वाले चुनावों में अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल करें। इस पहल से इलाके में मतदान को लेकर एक अच्छा माहौल बना है और लोगों में डेमोक्रेटिक प्रोसेस में एक्टिव हिस्सा लेने की जागरूकता और मज़बूत हुई है। शाम को टहलने आए लोगों, युवाओं और सीनियर सिटिजन ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया और मतदान की अहमियत बताई। पूरा इलाका “ज़रूर मतदान करें” और “मेरा मतदान, मेरा अधिकार” जैसे नारों से भर गया। निर्मलादेवी दिघे पार्क में एक रैली निकाली गई और 15 जनवरी, 2026 को वोट देने की अपील की गई।







**Notice of disclosure**

I Rajesh Mohandas Budhwani Res. Flat No. 501, 5th Floor, Jalsa Garden, Near Dholuram Darbar, Ulhasnagar- 421001. I have purchased the property Room, U.No. 238 Part, Sheet No. 71, Ulhasnagar-421001. Area Fruit 1653 C.No. 389/2019 was done in Registrar cum. Secondary Registrar, Ulhasnagar. The original document has been given to the audience to read, but some important papers have been lost in the said document. I. I hereby declare that the said paper has been lost and it is true.

Correct/-

Rajesh Mohandas Budhwani

**आम सूचना**

मैं श्रीमती ज्योति जयेश पाटोले सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, बैरक नं. 11 व 12 के पास, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 07एओ020623300) उक्त प्रॉपर्टी श्री देविदास कालूजी महाले ने सेल एग्रीमेंट दि. 2.1.2026 सी.नं. 24/2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती ज्योति जयेश पाटोले


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099